# RAF SECTOR

## NEWS CLIP

06/08/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

### Hindustan (Meerut,UP)



रिहर्सल के दौरान आरएएफ को भी तैनात किया गया। • हिन्दुस्तान

लॉ एंड ऑर्डर पुलिस ने दंगा नियंत्रण का रिहर्सल किया था। येलो अलर्ट जारी किया गया था। इसमें कोई घटना हो तो पुलिस को 10 मिनट में स्पॉट पर पूरी तैयारी के साथ पहुंचना होता है। हर जिले में नियमों के अनुसार महीने में एक बार इस ड्रिल को करना अनिवार्य होता है। इस व्यवस्था को बनाए रखा जाएगा। वाजपेयी आए थे और उन्होंने कुछ बातें रखी हैं। इन्हें भी दिखवाया जाएगा।

**Hindustan (Meerut,UP)**

### पुलिस टीम, आरएएफ और पीएसी के साथ निकाला मार्च, ड्रोन से की निगरानी, सुबह 11 बजे से सक्रिय हो गई पुलिस फोर्स

# दंगा नियंत्रण का रिहर्सल करने शहर में उतरी फोर्स

## अफसर रहे मौजूद

मेरठ | मुख्य संवाददाता

शहर में सुबह 11 बजे अचानक ही पुलिस टीम सक्रिय हो गई। बुढ़ाना गेट से लेकर कोतवाली और आसपास के इलाके में पूरी तरह से नाकाबंदी कर दी गई और बैरियर लगाकर रूट डायवर्जन कर दिया गया।

शहर में बेलो-स्कीम लागू करते हुए पुलिस को दंगा नियंत्रण उपकरण के साथ लैस होकर दोपहर 12 बजे बुढ़ाना गेट पहुंचने के लिए वायरलेस से निर्देश दिया गया।

इसके बाद आईजी और एसएसपी के निर्देशन में फ्लैग मार्च निकाला गया। इन रास्तों पर हेक्साकॉप्टर से नजर रखी गई। हापुड़ अड्डे पर पुलिस टीम ने पूरा इलाका कब्जे में ले लिया और यहां मोर्चा लेकर रबर बुलेट से फायरिंग भी की।

आईजी आलोक सिंह और एसएसपी की कॉल पर 12 बजे से शहर में दंगा नियंत्रण योजना का रिहर्सल किया गया। शहर के सभी थानों के प्रभारियों और सीओ को बुढ़ाना गेट पर बुला लिया गया। वायरलेस सेट से मैसेज दिया गया कि कोतवाली में तनावपूर्ण स्थिति है और पुलिस को वहां शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मार्च करना है और



शहर में दंगा नियंत्रण योजना के रिहर्सल के दौरान बुढ़ाना गेट पर मौजूद आईजी, एसएसपी और पुलिस बल। • हिन्दुस्तान



हेक्सा कॉप्टर उड़ाकर पुलिस ने पूरे इलाके पर नजर रखी। • हिन्दुस्तान

## एक घंटे बाद शुरू हुआ मार्च

दंगा नियंत्रण योजना का रिहर्सल करने और रूट मार्च के लिए दोपहर 12 बजे का समय दिया था। पुलिस अधिकारी देरी से मौके पर पहुंचे। इस

## दरोगा आरिफ को शाबाशी

मार्च के दौरान शाहिद अखलाक के मकान के पास टीम के साथ दरोगा आरिफ मौजूद थे। आईजी, एसएसपी ने दरोगा से

# ड्रोन से पुलिस ने छतों पर खोजे बवाली और ईंट-पत्थर

गया। पुलिस टीम और

Aaj (Prayagraj,UP)

# आरएएफ के जवानों ने बताया जल का महत्व

फाफामऊ (प्रयागराज)। शांतिपुरम स्थित १०१ बटालियन आरएएफ के जवानों ने सोमवार को गोहरी गांव में जल शक्ति अभियान के तहत जल संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन कर ग्रामीणों को जल का महत्व बताया।

बटालियन के कमांडेंट राजकुमार निगम के नेतृत्व वाहिनी के जवानों ने गोहरी गांव में स्थित पक्के तलाब की सफाई की। साथ ही जल संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन कर गांव के लोगों को जल बचाने हेतु जागरूक किया और मानव जीवन के लिए जल कितना महत्वपूर्ण इस विषय पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में जवानों के अलावा गांव के भारी संख्या में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में उप कमांडेंट दीपक कुमार, मुकेश पांडे, पवन कुमार सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहें।

# आरएएफ के महिलाकर्मियों ने महिलाओं संग मनाया हरियाली तीज

१०१ बटालियन शांतिपुरम की कावा अध्यक्षा सुनीता निगम के नेतृत्व में सोमवार को गोहरी गांव में महिलाओं संग हरियाली तीज का पर्व मनाया। महिलाओं ने हरियाली तीज पर्व पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। १०१ बटालियन की कावा अध्यक्षा सुनीता निगम ने गांव की महिलाओं को सावन के महीने को देखते हुए श्रृंगार के सामान वितरित किए जिसे पाकर महिलाओं के चेहरे खिल गए। कार्यक्रम में महिला आरएएफ कर्मियों के अलावा भारी संख्या में गांव की महिलाएं शामिल रही।

Inext (Prayagraj,UP)

# जवानों ने की तालाब की सफाई

PIC: DAINIK JAGRAN-I NEXT



**PRAYAGRAJ (5 Aug):** आरएएफ के जवानों ने शक्ति अभियान के तहत सोमवार को गोहरी गांव स्थित तालाब की सफाई की. 101 आरएएफ के कमांडेड राज कुमार निगम के निर्देशन में वाहिनी के अधिकारियों और जवानों की टीम गोहरी गांव पहुंची. जहां पर ग्रामीणों को जल संरक्षण के बारे में बताया गया. इस दौरान गांव के लोगों ने जल बचाने का संकल्प लिया. उसके ग्रामीणों के साथ आएएफ के जवानों ने गोहरी गांव के ऐतिहासिक तालाब की सफाई भी की. इस मौके पर डिप्टी कमांडेंट दीपक कुमार, पवन कुमार, मुकेश कुमार, रामजी मिश्रा आदि मौजूद रहे.

# धूमधाम से मनाया तीज उत्सव



**PRAYAGRAJ (5 Aug):** रीजनल सीआरपीएफ फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन की सदस्यों ने सोमवार को 101 वाहिनी की अध्यक्ष श्रीमती सुनीता निगम के नेतृत्व में गोहरी गांव की महिलाओं के साथ हरियाली तीज उत्सव मनाया. हरियाली तीज उत्सव में 101 आरएएफ की महिला कार्मिकों ने गांव की महिलाओं के साथ लोकगीत का आनंद लिया. वही नृत्य भी किया. महिलाओं ने मटकी फोड़ खेल का आनंद लिया. वाहिनी की अध्यक्ष सुनीता निगम ने गांव की महिलाओं को शगुन के रूप में चूड़ी, बिंदी आदि भेंट स्वरूप दिया.

## United Bharat (Prayagraj,UP)

# महिलाओं ने मनाया हरियाली तीज



प्रयागराज, ०५ अगस्त। क्षेत्रीय सीआरपीएफ परिवार कल्याण संगठन( आरसीडब्लूए) के बैनर तले १०१ वाहिनी की अध्यक्ष सुनीता निगम समेत अन्य महिलाओं ने हरियाली तीज धूमधाम से मनाया। सावन के महीने में गोहरी गांव में हरियाली तीज का आनन्द लेते हुए बड़े ही जोश से महिलाओं ने लोकगीतों के साथ मनोरंजन और नृत्य का आनन्द लिया। इस दौरान महिलाओं ने मटकी फाड़ जैसे मनोरंजक फन खेल से खूब मजा किया। अध्यक्षा सुनीता निगम ने गांव के महिलाओं को शगुन के रूप में चूड़ी, बिंदी आदि वितरित करके तीज की शुभकामनाएं दी।

## United Bharat (Prayagraj,UP)



रीजनल सीआरपीएफ फेमिली वेलफेयर एसोसिएशन-101वीं वाहिनी की महिलाओं ने सोमवार को हरियाली तीज महोत्सव में जमकर मस्ती की। कजरी लोकगीतों के साथ मोहक नृत्य भी पेश किया। इस दौरान महिलाओं ने मटकी फोड़ प्रतियोगिता में भी हिस्सा लिया। एसोसिएशन की अध्यक्ष सुनीता निगम ने महिलाओं को शगुन के रूप में चूड़ियां, बिंदी का वितरण किया।

**Hindustan (Prayagraj,UP)**



आरएएफ शांतिपुरम की कावा सदस्यों ने गोहरी गांव की महिलाओं के साथ सोमवार को हरियाली तीज मनाई। • हिन्दुस्तान

# कावा ने हरियाली तीज मनाई

**फाफामऊ।** आरएएफ की 101 बटालियन शांतिपुरम की कावा अध्यक्षा सुनीता निगम के नेतृत्व में सोमवार को गोहरी गांव में महिलाओं संग हरियाली तीज मनाई गई। महिलाओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कावा अध्यक्षा ने गांव की महिलाओं को श्रृंगार के सामान वितरित किए। कार्यक्रम में महिला आरएएफ कर्मियों के अलावा भारी संख्या में गांव की महिलाएं रहीं।

# आरएएफ जवानों ने जल संरक्षण का दिया संदेश

**फाफामऊ।** शांतिपुरम स्थित 101 बटालियन आरएएफ के जवानों ने सोमवार को गोहरी गांव में जल संरक्षण कार्यक्रम के जरिए ग्रामीणों को जल का महत्व बताया। कमांडेंट राजकुमार निगम के नेतृत्व में जवानों ने गोहरी गांव स्थित पक्के तलाब की सफाई की। साथ ही लोगों को जल बचाने हेतु जागरूक किया। कार्यक्रम में उप कमांडेंट दीपक कुमार, मुकेश पांडे, पवन कुमार आदि मौजूद रहे।

Amravati (Bhopal,MP)

# अचलपुर शहर में आरएएफ फोर्स का फ्लैग मार्च







**फिरोज खान, दि.५**

**अचलपुर** - आज दोपहर १२:०० बजे अचलपुर पुलिस स्टेशन की हद में रैपिड एक्शन फोर्स आर एएफ बटालियन भोपाल १०७ रिज्यूम बटालियन की ऑफिसर और ७० जवानों ने फ्लैग मार्च निकाला. इस अवसर पर अचलपुर पुलिस स्टेशन के थानेदार सेवानंद वानखेडे पीआई तावडे, शिवाले, पढाघम, खुफिया विभाग के सुधीर काले, आर ए एफ बटालियन के मेजर अभिजीत दत्ता, एनपी सिंह लोकनाथ पांडे, अचलपुर पुलिस स्टेशन के डीबीएसकाट के रवि बावनी, विशाल थोरात, सचिन भोवे उपस्थित थे.

अचलपुर पुलिस स्टेशन चौक, देवडी, बुढे खां चौक, चावल मंडी, दूल्हा गेट, इस मार्ग से फ्लैग मार्च किया गया शासन की ओर से अति सॉन्म सील पुलिस स्टेशन की हद में एल ए फ्लैग मार्च करना है लोगों से विचार-विमर्श कर किस कारणों से यहां दंगा हुआ था इसकी जानकारी हासिल करना है तथा यह बटालियन ५ तारीख से ९ तारीख तक अचलपुर पुलिस स्टेशन की हद में रहेगा जोकि जहां पर राइट हुए है इसकी जानकारी लेना लोगों के साथ संबंध बनाने के साथ ही सामाजिक उपक्रमों का आयोजन करते हुए शहर में विविध स्थानों पर वृक्षा रोपण करना तथा जनता के साथ गेम का आयोजन करना तथा आयोजित सभी कार्यक्रमों की पूरी जानकारी शासन को भेजना का कार्य किया जा रहा है. इस कार्य में इनका सहयोग अचलपुर पुलिस स्टेशन कर रहा है. दैनिक अमरावती मंडल से बात करते हुए मेजर अभिजीत दत्ता उन्होंने कहा कि भोपाल से हम अमरावती जिले के जिन जिन गांव में राइट हुए है उनकी जानकारी हासिल करने और किस वजह से किन कारणों से विवाद हुए और विवादों पर सरकार को इसकी जानकारी देना है, अभी आज अचलपुर में नागपंचमी और आने वाले कुछ ही समय में बकरा ईद इन त्योहार मनाया जायेगा इन त्यौहारों को देखते हुए यह रैपिड एक्शन फोर्स अचलपुर पुलिस स्टेशन अचलपुर के कर्मचारी व अधिकारी इन्होंने फ्लैग मार्च किया.

Haribhoomi (Bhopal,MP)

# जवानों ने जल संरक्षण करने की ली शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर के समीपस्थ आरपीएफ कैंप में 107 बटालियन द्रुत कार्य बल के कमांडेंट संजय कुमार शर्मा ने वाहिनी के अधिकारियों और जवानों को वाहिनी परिसर में जल संरक्षण की शपथ दिलाई। इस दौरान जल संरक्षण पर प्रकाश डालते हुए कमांडेंट शर्मा ने बताया कि भूजल पानी का एक महत्त्वपूर्ण स्रोत है और पृथ्वी पर होने वाली जलापूर्ति अधिकतर भूजल पर ही निर्भर करती है, जल संकट देश ही नहीं बल्कि समूचे विश्व की समस्या है।

## भंडारण करना जरूरी

जल का संरक्षण तथा समुचित भंडारण हो, ताकि पानी जमीन के अंदर प्रवेश कर सके। मानव अपने स्वास्थ्य, सुविधा, दिखावा व विलासिता को दिखाने के लिए अमूल्य जल की बर्बादी करने से नहीं चूकता। जल के अत्याधिक दोहन से जमीन के अंदर का उत्पलावन क्षमता कम होने या समाप्त होने पर जमीन धंसने, जमीन में दरारें पड़ने अथवा भूकंपन जैसी घटनाएं होती हैं। अतः जल संरक्षण एक अनिवार्य आवश्यकता है क्योंकि वर्षाजल हर समय उपलब्ध नहीं रहता अतः पानी की कमी को पूरा करने के लिए पानी का संरक्षण आवश्यक है।

**Prabhat Khabar (Jamshedpur,JKD)**



# बच्चों ने जाना जल संचयन का महत्व

**नरवा.** रैफ (द्रुत कार्यबल) 106 बीएन कमांडेंट पीके सिंह के दिशा निर्देश पर जल शक्ति अभियान चलाया गया. इस अभियान के तहत रैफ 106 वीं वाहिनी द्वारा गोद लिये गांव कदमडीह स्थित डीडीयूएम स्कूल के छात्र-छात्राओं को कृत्रिम टैंक बना कर जल संचयन के गुर बताये गये. रैफ के द्वितीय कमान अधिकारी विनोद कुमार एवं जवानों ने बच्चों को जल संचय करने की शपथ दिलायी. श्री कुमार ने कहा कि पृथ्वी में हर प्राणी के लिये जल जरूरी है. पुरी दुनिया में जल संकट की आहट हो चुकी है. जीवों की रक्षा के लिये जल का संचयन बहुत जरूरी है. मौके पर रैफ के अधिकारी एवं जवान शामिल थे.

## Photos of Deployment/Fam-Ex Of RAF











**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**